हिन्दुस्थान समाचार.

२१ जनवरी २०१२

प. बंगाल : प्रियंवदा बिरला अस्पताल ने नेत्र चिकित्सा की अत्याधुनिक तकनीक 'लेसिक' लांच की

स्रोत: HS-NE तारीख: 1/21/2012 3:33:40 PM

कोलकाता, २१ जनवरी (हि.स.)। कोलकाता स्थित प्रियंवदा बिरला अरविंद आई हास्पिटल ने नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक और उपलब्धि अर्जित करते हुए कास्मेटिक लेजर सर्जरी की अत्याधुनिक तकनीक लेजर असिस्टेड इन सिटु केराटोमिल्यूसिस (लेसिक) लांच की है। शनिवार को अस्पताल में आयोजित समारोह में नेत्र चिकित्सा की इस अत्याधुनिक तकनीक का शुभारंभ अरविंद आई हास्पिटल, मदुरई के निदेशक डा. एम. श्रीनिवासन ने किया। इस मौके पर एमपी बिरला ग्रुप के चेयरमेन हर्षवर्धन लोढा मौजूद थे।

लेसिक चिकित्सा पद्धति के बारे में बताते हुए श्री लोढा ने कहा कि यह एक प्रकार की कास्मेटिक सर्जरी है जो ध्वनि तकनीक पर आधारित होती है। आंखों की रोशनी को सामान्य रखने के लिए ५०० हटर्ज की लेस□क मशीन के जरिए आंखों की कास्मोटिक सर्जरी की जाती है। जर्मन तकनीक पर आधारित यह मशीन दुनिया की उच्चतम फ्रिक्वेंशी लेजर डिलीवरी करती है। मशीन में हाई स्पीड आई ट्रैकर है जो आंखों की गतिविधियों का अत्यंत तेज गति से अनुकरण करता है तथा यह भी सुनिश्चित करता है प□रत्येक लेजर कार्निया की नसों पर सही तरह से पडे। उन्होंने कहा कि यह तकनीक बेहद प्रभावशाली और सुरक्षित है जो १८ से ३५ वर्ष के लोगों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

समारोह के मुख्य अतिथि डा. एम. श्रीनिवासन तथा उनके सहकर्मी डा. अरविंद श्रीनिवासन ने लेसिक तकनीक क□ विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके जरिए आंखों को सुरक्षित व चश्मारहित रखने में मदद मिलेगी। इस मौके पर डा. आर. रेवती. डा. अरुंधति के अलावा अस्पताल की पूरी चिकित्सकीय टीम मौजूद थी।